कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 01-04-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अवैध ई-रिक्शा/ऑटो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान का भ्रमण कर किया गया निरीक्षण, अभियान में 288 ई-रिक्शा/ऑटो सीज व 879 का हुआ चालान।

- पुलिस आयुक्त द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध ई-रिक्शा/ऑटो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान का किया गया निरीक्षण।
- अवैध ई-रिक्शा/ ऑटो के विरूद्ध चले अभियान में 288 सीज व 879 के चालान किये गये।
- अवैध ई-रिक्शा/ऑटो के विरुद्ध में चलाया गया अभियान-
  - ई-रिक्शा को आवंटित बार कोड का सत्यापन।
  - ऑटो के परमिट का सत्यापन।
  - नाबालिग द्वारा चलाये जा रहे ई-रिक्शा/ऑटो की चेकिंग।
  - बिना ड्राइविंग लाइसेंस व संदिग्ध ई-रिक्शा/ऑटो चालकों की चेकिंग।
- सुगम यातायात व सुरक्षा के दृष्टिगत आपराधिक दृष्टिकोण से अवैध ई-रिक्शा/ ऑटो के विरूद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान।

चेकिंग परिणाम

क्र0सं0	जोन	ऑटो		ई-रिक्शा	
		सीज	चालान	सीज	चालान
1	काशी	53	146	75	261
2	वरूणा	35	67	20	50
3	गोमती	23	24	1	0
4	यातायात पुलिस	42	146	39	185
योग		153	383	135	496

आज दिनांक 01.04.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा वाराणसी कमिश्नरेट में यातायात व कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान कमिश्नरेट वाराणसी में अवैध ई-रिक्शा/ऑटो के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान जिसमें बार कोड से संचालित ई-रिक्शा के 'बार कोड' का सत्यापन, ऑटो के परमिट का सत्यापन, नाबालिग द्वारा चलाये जा रहे ई-रिक्शा/ऑटो की चेकिंग व बिना ड्राइविंग लाइसेंस व संदिग्ध प्रतीत ई-रिक्शा/ऑटो चालको के विरूद्ध हो रही चेकिंग की कार्यवाही का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। **अवैध ई-रिक्शा/ऑटो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कमिश्नरेट के सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी थाना प्रभारी/यातायात निरीक्षक एवं समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।** अभियान के तहत 288 ई-रिक्शा/ऑटो के विरूद्ध सीज की एवं 879 के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। इस दौरान पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश पाण्डेय व सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।